# सभी चुनौतियों पर विजय पाने में सक्षम है भारत : नागेश्वरन

- महानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोले देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन

**कोलकाता.** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को महानगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि दुनिया में कहीं भी, इतने विशाल आकार और विविधता वाला कोई देश इतने बड़े पैमाने पर आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का प्रयास नहीं कर रहा है और हम सभी प्रकार की चुनौतियों पर विजय पाने में सक्षम हैं.

श्री नागेश्वरन ने कहा कि भारत हमेशा से एक रोमांचक कहानी रहा है. हमें न केवल अपनी असफलताओं से बल्कि अपनी सफलताओं से भी सीखने की जरूरत है. श्री नागेश्वरन ने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है. श्री नागेश्वरन ने इस मजबूती का श्रेय एक दशक के सुधारों को दिया, जिसमें डिजिटल और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड और लघु एवं मध्यम उद्यमों का क्रमिक औपचारिकीकरण शामिल है. समारोह में भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेश पचिसिया व पूर्व अध्यक्ष डॉ एमजी खेतान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे.




कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की 194वीं वार्षिक आम सभा में सीईए वी अनंत नागेश्वरन, संस्था के प्रतिनिधि और अन्य .

**कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की 194वीं वार्षिक आम सभा में शामिल हुए सीईए;** देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार गुरुवार को महानगर में कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की 194वीं वार्षिक आम सभा में शामिल हुए. इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष हरिशंकर हलवासिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत सहारिया, उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला व उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल ने उनका स्वागत किया. इस मौके पर श्री नागेश्वरन ने कहा कि भारत की व्यापक आर्थिक स्थिति सकारात्मक है, लेकिन सार्वजनिक निवेश में सावधानी बरतनी होगी. क्षमता को ध्यान में रखे बिना अति-निवेश से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि हालिया वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को दिए जाने वाले ऋण में करीब 18 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गयी है. वहीं, गुरुवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन कोलकाता में मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां चेंबर के अध्यक्ष अमित सरावगी ने उनका स्वागत किया, चेंबर के उपाध्यक्ष मुनीष झाझरिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया.